Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 10 नवंबर, 2022

परिवहन दिवस

भारत में प्रतिवर्ष **10 नवंबर** को **परिवहन दिवस** मनाया जाता है। यह दिवस **यातायात नियमों और दुर्घटनाओं, निजी वाहनों के उपयोग के परिणामों, सार्वजनिक परिवहन का सख्ती के साथ उपयोग किये जाने की आवश्यकता, परिवहन क्षेत्र के विकास एवं इस संबंध में जागरूक करने** के लिये मनाया जाता है। भारत के कई राज्यों में [प्रदूषण](https://www.drishtiias.com/hindi/loksabha-rajyasabha-discussions/sansad-tv-discussion-air-pollution) **के घटने-बढ़ने की समस्या** भी इस दिवस का केंद्रीय बिंदु है। एक समय ऐसा भी था जब यातायात के इतने साधन नहीं थे, वाहनों की संख्या बेहद कम थी, लेकिन आज समय और परिस्थिति दोनों में बदलाव आया है। **आवागमन के साधन व सुविधाओं में वृद्धि से** देश में जहाँ एक ओर विकास के नए युग का सूत्रपात हुआ है, **वही इनकी वजह से पर्यावरण को भारी क्षति भी पहुंची है।** विज्ञान एवं विकास में समन्वय स्थापित कर सुगम, सुरक्षित व प्रदूषण रहित परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकती है।

अटल न्यू इंडिया चैलेंज

नीति आयोग के अटल नवाचार मिशन ने 09 नवंबर, 2022 को [दूसरे अटल न्यू इंडिया चैलेंज (ANIC)](#) **के तहत महिला केंद्रित चुनौती की शुरुआत की।** ये चुनौतियाँ जीवन के **सभी क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं के समक्ष मौजूद प्रमुख मुद्दों से संबंधित हैं। महिला केंद्रित चुनौतियाँ जीवन के सभी क्षेत्रों से महिलाओं के सामने आने वाले प्रमुख मुद्दों का समाधान करती हैं।** इनमें नवाचार के ज़रिये महिला स्वच्छता, महिला सुरक्षा में सुधार के लिये नवाचार, महिलाओं हेतु **प्रोफेशनल नेटवर्किंग अवसर, माताओं के जीवन को बेहतर बनाने वाले नवाचार और ग्रामीण महिलाओं के जीवन को आसान** बनाना शामिल है। [नीति आयोग](#) और [अटल नवाचार मिशन](#) महिला सशक्तीकरण पर केंद्रित हैं। ANIC का उद्देश्य प्रौद्योगिकी आधारित ऐसे नवाचारों की **खोज, चयन, समर्थन एवं उन्हें प्रोत्साहन देना है जो राष्ट्रीय महत्त्व और सामाजिक रूप से प्रासंगिक क्षेत्रीय चुनौतियों का समाधान कर सकें।** एक करोड़ रुपए तक की अनुदान आधारित व्यवस्था के माध्यम से इस तरह के प्रयासों का समर्थन किया जाता है। अटल न्यू इंडिया चैलेंज, अटल नवाचार मिशन, [नीति आयोग](#) का प्रमुख कार्यक्रम है। ANIC प्रोटोटाइप चरण में नवाचारों की मांग के साथ **12-18 महीनों के दौरान चयनित स्टार्टअप को व्यावसायीकरण चरण** में सहयोग करता है। साथ ही भारत के निरंतर विकास और वृद्धि हेतु शिक्षा, स्वास्थ्य, जल एवं स्वच्छता, कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, आवास, ऊर्जा, गतिशीलता, अंतरिक्ष आदि महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में नवाचारों को प्रोत्साहित करना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-10-november-2022